APP-A
Crim-1

FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी **मुकाम** कोटा

जय कृष्ण **बनाम** सरकार

किस्म मुकदमा L.R. Act-136 **नं.** 103 **सन्** 2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
20/9/25	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत मण्डाना में प्रार्थी जयकृष्ण की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम मण्डाना पटवार हल्का मण्डाना में स्थित भूमि खाता संख्या 244 में प्रार्थी के हिस्से पर रहन स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर शाखा मण्डाना दर्ज है। परन्तु वर्तमान में उक्त बैंक का नाम परिवर्तित होकर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा मण्डाना हो चुका है। अतः खाता संख्या 244 में स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर शाखा मण्डाना के स्थान पर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा मण्डाना किया जावे। प्रार्थना पत्र के सम्बंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर शाखा मण्डाना के स्थान पर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा मण्डाना किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम मण्डाना पटवार हल्का मण्डाना में स्थित भूमि खाता संख्या 244 में प्रार्थी के हिस्से में दर्ज रहन स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर शाखा मण्डाना के स्थान पर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा मण्डाना दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिंनाकः 20.09.2025 को मेरे द्वारा लिखा जाकर ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत मण्डाना में सुनाया गया। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा	